
# महामुकाबले में जोकोविच पर भारी पड़े नडाल, सेमी में ज्वरेव से होगी भिड़ंत



**स्वियातेक- कसात्किना सेमीफाइनल में**



*महिला वर्ग के सेमी फाइनल में दुनिया की नम्बर एक इगा स्वियातेक का मुकाबला दारिया कसारिकना से होगा। बुधवार को खेले गए क्वार्ट र फाइनल मे कनाडा की स्वियातेक ने अमेरिका की 11 वीं वरीयता जेस्किा पेगुला को 6-3, 6-2 से और दारिया कसात्किना ने वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 7-6 से पराजित कर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया।*

पेरिस (एजेंसी)।

**तेरह बार के चैंपियन स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने वर्ल्ड नंबर वन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है , जहां उनका सामना जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेवसे होगा ।**

विश्व के पूर्व नंबर वन नडाल ने पुरुषों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जोकोविच को 6-2, 4-6, 6-2, 7-6 से पराजित किया। यह महामुकाबला 4 घंटे 11 मिनट तक चला। ओवरऑल कुल 21 ग्रैंड स्लैम जीत चुके 'लाल बजरी' के बादशाह नडाल ने 22वें ग्रैंड स्लैम की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। नडाल ने पहला सेट जीतकर शुरुआत अच्छी की, लेकिन अगले सेट में वह लय बरकरार नहीं रख सके और दूसरा सेट 4-6 से हार गए। इसके बाद स्पेनिश खिलाड़ी ने दमदार वापसी करते हुए अगले दोनों सेट अपने नाम कर मुकाबले को जीत लिया। टाई ब्रेकर में पहुंचे इस मुकाबले नडाल भारी पड़े। इस जीत से नडाल ने खुद को साबित किया कि आखिर क्यों उन्हें क्ले का किंग कहा जाता है। इस मुकाबले से पहले जोकोविच का नडाल के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 30-28 का था। फ्रेंच ओपन में नडाल ने जोकोविच के खिलाफ 9 में से सात मैच जीते थे जबकि दो हारे थे। मैच जीतने के बाद 35 वर्षीय नडाल ने कहा कि नोवाक के खिलाफ जीतने के लिए केवल एक ही रास्ता है, पहले बिंदु से आखिरी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना ये मेरे लिए उन जादुई रातों में से एक है। टेनिस जगत के दो महारथी राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच के बीच ये 59वां मैच हुआ। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में टकराने से पहले जोकोविच ने 30 तो राफेल नडाल ने 28 मैच जीते हैं। सर्बिया के जोकोविच नडाल से 28 फाइनल में टकराए हैं और 15 खिताब अपने नाम कर चुके हैं। पिछले साल सेमीफाइनल में जोकोविच से हारने से पहले स्पेन के राफेल नडाल ने लगातार चार फ्रेंच ओपन टाइटल जीते थे। राफेल नडाल को चारों ग्रैंडस्लैम में हराने वाले जोकोविच दुनिया के एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं।

# भारत ने जापान को हराकर एशिया कप हॉकी में जीता कांस्य पदक

### दक्षिण कोरिया बना चैम्पियन, फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराया

जकार्ता (एजेंसी)।

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशिया कप टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर अपना अभियान बुधवार को समाप्त किया। भारत ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में जापान को 1-0 से मात दी। खिताबी मुकाबले में बुधवार को दक्षिण कोरिया ने मलेशिया को 2-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, दोनों टीमें हाफ टाइम तक 1-1 से ड्रा रही थीं।**



भारत के मैच की खास बात रही कि जापान को मुकाबले में 7 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन बीरेंदर लाकड़ा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने विरोधी को कोई गोल नहीं करने दिया। अंतिम मिनट में भारतीय टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेली लेकिन इसके बावजूद जापान कोई गोल करने में कामयाब नहीं हो पाया। भारत ने शुरुआती क्वार्टर में ही बढ़त बना ली थी. राजकुमार पाल ने टीम के लिए एकमात्र गोल किया. हाफ टाइम तक स्कोर भारत के पक्ष में 1-0 था, जिस बढ़त को उसने अंत तक बरकरार रखा। यह टूर्नामेंट में भारत का दूसरा ब्रॉन्ज मेडल है। भारत ने पहले पांच मिनट में कई हमले बोले लेकिन डी के भीतर उन्हें कामयाबी नहीं मिली। सातवें मिनट में उत्तम सिंह ने जवाबी हमले पर दाहिने फ्लैंक से राजकुमार को गेंद सौंपी जिसने जापानी गोलकीपर तकाशी योशिकावा को छकाकर गोल दाग दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी पांच मिनट में जापान ने बराबरी का गोल दागने की बहुत कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति काफी मजबूत दिखी। ब्रेक के बाद जापान ने आक्रामक खेल दिखाकर फिर लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन भारतीय रक्षण को भेद नहीं सके।

## भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी 5 के लिए लुसाने रवाना

**बेंगलुरू ( एजेंसी )** । भारतीय पुरूष और महिला टीमें एफआईएच का पहला हॉकी फाइव टूर्नामेंट खेलने स्विटजरलैंड के लुसाने रवाना हो गई जहां चार और पांच जून को यह टूर्नामेंट खेला जायेगा । पुरूष टीम को मलेशिया, पाकिस्तान, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलना है जबकि महिला टीम दक्षिण अफ्रीका, उरूग्वे, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलेगी । शीर्ष दो टीमें पांच जून को फाइनल खेलेंगी । रजनी ई की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम चार जून को उरूग्वे से पहला मैच खेलेगी जिसके बाद उसी दिन पोलैंड से खेलना है । पांच जून को स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा । रजनी ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि हॉकी फाइव अलग तरह का प्रारूप है ।

## राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को आसान ड्रॉ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** । गत चैंपियन भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा के नॉकआउट चरण की राह आसान हो सकती है क्योंकि मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एक में उसे आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। बर्मिंघम में 29 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में मिश्रित टीम स्पर्धा के अलावा व्यक्तिगत वर्ग के मुकाबले होंगे। मिश्रित टीम स्पर्धा का फाइनल दो अगस्त को होगा। मिश्रित टीम स्पर्धा में कुल 16 टीम हिस्सा लेंगी और इन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी। गोल्ड कोस्ट में पिछले राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत के हाथों शिकस्त झेलने वाले पांच बार के चैंपियन मलेशिया को ग्रुप चार में दक्षिण अफ्रीका, जमैका और जांबिया के साथ रखा गया है।

## द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखलाएं कोई याद नहीं रखता, सिर्फ विश्वकप में हो टी-20 क्रिकेटः शास्त्री

नई दिल्ली (एजेंसी)।



पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री मानते हैं कि टी-20 प्रारूप अंतरराष्ट्रीय टीमों के बीच द्विपक्षीय श्रृंखलाओं के लिये नहीं है बल्कि इसे सिर्फ विश्व कप तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। शास्त्री की यह टिप्पणी भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले आयी है। भारत के सबसे सफल कोचों में से एक शास्त्री को यह भी लगता है कि खेल प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए जहां तक छोटे प्रारूप की बात है तो सबसे अच्छा तरीका फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ दो साल में टी-20 विश्व कप होगा। शास्त्री ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा कि टी-20 में काफी द्विपक्षीय क्रिकेट हो रहा है। मैंने यह पहले भी कहा है, यहां तक कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब भी। यह मेरे सामने हो रहा था। यह 'टी-20 क्रिकेट' फुटबॉल की तरह से होना चाहिए जहां, आप सिर्फ विश्व कप खेलते हो। द्विपक्षीय टूर्नामेंट को कोई याद नहीं रखता। भारतीय कोच के तौर पर शास्त्री का कार्यकाल पिछले साल खत्म हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें कि भारतीय कोच के तौर पर पिछले छह-सात के कार्यकाल के दौरान विश्व कप को छोड़कर एक भी टी-20 मैच याद नहीं है। एक टीम विश्व कप जीतती है, वे इसे याद रखती हैं। दुर्भाग्य से हम नहीं, इसलिये मुझे यह भी याद नहीं। दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेला जा रहा है, प्रत्येक देश को अपना फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की अनुमति है, जो उनका घरेलू क्रिकेट है और फिर प्रत्येक दो वर्ष में आप एक विश्व कप (टी-20) खेलो।

## विश्व कप प्लेआफ से पहले रो पड़ा यूक्रेन का स्टार फुटबॉलर जिनचेंको

**ग्लासगो** । विश्व कप में जगह बनाने के करीब यूक्रेन फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी ओलेक्जेंदर जिनचेंको के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे जब वह यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि यह उनकी टीम के लिये यह क्या मायने रखता है । यूक्रेन कतर में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने से दो मैच दूर है ।उसे बुधवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलना है जो मार्च में होना था लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था ।




**खास खबरें**

## सिंगुलैरिटी एएमसी उपभोक्ता वस्तुओं, उपभोक्ता और उद्यम प्रौद्योगिकी पर केंद्रित रहेगी

**भोपाल।** सिंगुलैरिटी एएमसी का उद्देश्य प्रौद्योगिकी संचालित कम्पनियों के लिए विकास पूंजी और विभेदित पूंजी बाजार पहुंच का पसंदीदा प्रदाता बनना है। सिंगुलैरिटी एएमसी ने हाल ही में टेक्नोलॉजी संचालित कम्पनियों को ग्रोथ कैपिटल प्रदान करने के उद्देश्य से सिंगुलैरिटी ग्रोथ अपॉर्चुनिटीज फण्ड -1 (एसजीओएफ-आई) लॉन्च किया। यह फण्ड 600 करोड़ रुपए के कोष को लक्षित करेगा, जिसमें से 450 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए गए हैं और 150 करोड़ 6 कंपनियों में लगाए गए हैं। सिंगुलैरिटी एएमसी एक बहु-उत्पाद एसेट मैनेजमेंट कम्पनी है जिसे भारत में निजी इक्विटी (ग्रोथ और लेट स्टेज) में बड़े निवेशकों को अलग-अलग निवेश के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इस बारे में सिंगुलैरिटी एएमसी के संस्थापक यश केला ने कहा हमारी विकास रणनीति वही रहती है। हम कंज्यूमर गुड्स, कंज्यूमर टेक्नोलॉजी और एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी जैसी प्रौद्योगिकी संचालित कम्पनियों में विकास-पूंजी निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे। हम चाहते हैं कि हम भारत की विकास गाथा का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारा देश जबरदस्त विकास क्षमता प्रदान करता है।

# कच्चे तेल का भाव एक बार फिर 120 डॉलर के पार

**नई दिल्ली । रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद कच्चे तेल के दाम में जोरदार तेजी देखने को मिली थी। यहां तक कि इसका भाव 139 डॉलर प्रति बैरल के शिखर पर पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद इसमें नरमी आई, लेकिन एक बार क्रूड ऑयल की कीमतों में आग लग गई है और भाव बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है।**



क्रूड ऑयल के भाव में आई तेजी के चलते इसका तत्काल असर रुपये की कीमत पर भी देखने को मिला है और मंगलवार को डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपया 13 पैसे तक टूटकर बंद हुआ, वहीं बुधवार को भी रुपये में 12 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 0.91 फीसदी बढ़कर 122.78 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच चुकी है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड 119 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

**पेट्रोल-डीजल के दाम पर असर संभव :** गौरतलब है कि कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव का असर देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर होता है। बीते दिनों क्रूड के दाम में उछाल के साथ-साथ देश में ईंधन की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिली थी। हालांकि, सरकार की ओर से लिए गए पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के फैसले के कारण आम जनता को थोड़ी राहत जरूर मिली थी, लेकिन क्रूड के दाम में फिर आए उबाल से देश में ईंधन की कीमतें बढ़ने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।


**130 डॉलर के पार पहुंच सकता है दाम :** विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में क्रूड ऑयल का भाव एक बार फिर से 130 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच सकता है। यहां बता दें कि जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था तभी सं सप्लाई चेन बुरी तरह बाधिक हुई और इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ा है। वहीं युद्ध अभी भी जारी है और कब तक चलेगा यह कहा नहीं जा सकता, ऐसे में कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ीं तो घरेलू स्तर पर एक बार फिर पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है।

## 6-इन-1 वैक्सीनेशन -शिशुओं और माता-पिता के लिए बड़ा वरदान

**भोपाल।** बच्चे असंख्य कीटाणुओं के संपर्क में आते हैं, जिनमें से कुछ गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली अभी भी विकसित हो रही होती है, ऐसे में वह सभी घातक बीमारियों से नहीं लड़ सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सभी आयु समूहों में डिष्थीरिया, पर्टसिस (काली खांसी) और टेटनस जैसे संक्रमणों से होने वाली मौतों को रोकने के लिए टीकाकरण सबसे सफल सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों में से एक है। 6 इन 1 कॉम्बिनेशन वैक्सीनेशन (टीकाकरण) बच्चों को 6 गंभीर बीमारियों डिष्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, हेपेटाइटिस बी और पोलियोमाइलाइटिस से बचाता है। इस बारे में डॉ ललिश झावर, डीएनबी पिडियाट्रिक्स डायरेक्टर कान्हा मैटरनिटी एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल भोपाल ने कहा, बाल्यावस्था में टीकाकरण के लिए कंबीनेशन वैक्सीनेशन काफी प्राथमिकता वाला विकल्प है क्योंकि इसके कई फायदे हैं। यह स्टैंडएलॉन वैक्सीनेशन भी उसी स्तर की सुरक्षा प्रदान करता है और इस तरह इसके चलते इंजेक्शनों की संख्या कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, बच्चे को कम पीड़ा होती है, बार-बार डॉक्टर के क्लीनिक में जाने का समय बचता है।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 135 रुपए हुआ सस्ता

**नई दिल्ली । रूस-यूक्रेन जंग के बीच महंगाई से जूझ रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन एवं गैस कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 135 रुपये की कटौती की है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें बुधवार से लागू हो गई हैं।**



तेल विपणन कंपनियों के कमर्शियल गैस की कीमत में कटौती के बाद राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर 2,354 रुपये की जगह अब 2,219 रुपये में मिलेगा। कोलकाता में इसकी कीमत अब 2,454 रुपये से घटकर 2,322 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। वहीं, मुंबई में अब यह 2,306 रुपये की जगह 2,171.50 रुपये में मिलेगा, जबकि चेन्नई में इसकी कीमत 2,507 रुपये की जगह घटकर 2,373 रुपये हो गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में पिछले दो माह में कई बार बढ़ोतरी हुई थी। मार्च में राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2,012 रुपये थी। एक अप्रैल, 2022 को इसके दाम बढ़ाकर 2,253 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया। इसके बाद एक मई को इसकी कीमत में 102 रुपये का इजाफा किया गया था, जिसके बाद कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़कर 2,354 रुपये पहुंच गए थे।

**स्पेशल खबर** *कंपनी ने 30 मई से अपने स१ ई-स्कूटर की बुकिंग शुरू कर दी है और जून के मध्य से डिलीवरी शुरू करेगी*

# इस महीने मार्केट में आ रहा नया इलेक्ट्रिक स्कूटर फुल चार्ज पर 100 किमी का सफर करेगा तय

**नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता कंपनी आईवूमी एनर्जी नया इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में उतारने जा रही है। कंपनी इसकी डिलीवरी जून के मध्य से शुरू करेगी। वहीं, इस स्कूटर को खरीदने के शौकीन लोगों के लिए इसकी बुकिंग शुरू कर दी गई है।**

**कंपनी ने इतनी रखी कीमत :** कंपनी ने 30 मई से अपने स१ ई-स्कूटर की बुकिंग शुरू कर दी है और जून के मध्य से डिलीवरी शुरू करेगी। महाराष्ट्र की इस कंपनी ने इस साल मार्च में दो ई-स्कूटर मॉडल एस1 और जीत के दो वैरिएंट बाजार में उतारे थे। जीत की कीमत 82,990 रुपये और जीत प्रो की कीमत 95,990 रुपये है। वहीं, एस1 की कीमत 84,999 रुपये रखी गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एस1 ई-स्कूटर जिसे इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी से मंजूरी मिल गई है। इसकी जून के मध्य से डिलीवर की जाएगी।

**स्कूटर सेगमेंट में बनेगा गेम चेंजर :** आईवूमी एनर्जी के को-फाउंडर और मैनेजिंग सुनील बंसल ने कहा कि हमें विश्वास है कि स१ इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में गेम-चेंजर साबित होगा और हम इसे अपने सॉलिड-स्टेट इलेक्ट्रिक मोटर के प्रदर्शन को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखते हैं, जो एक बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और दक्षता प्रदान करता है।

**50 से 54 किमी प्रति घंटा स्पीड :** भारत में डिजाइन और निर्मित, एस1 एक डब्ल्यूकेडब्ल्यू इलेक्ट्रिक मोटर द्वारा संचालित है, जो प्रति घंटे 50-54 किलोमीटर तक की गति प्रदान करता है। इलेक्ट्रिक स्कूटर में 60वी , 2केडब्ल्यू स्वैपेबल ली-आयन बैटरी पैक दी गई है, जिससे काफी कम समय में बैटरी चार्ज होता है। इससे घर में बैटरी चार्ज करने के संकट से राहत मिलती है।

**टेस्ट राइड शुरू :** कंपनी के मुताबिक, इसे फुल चार्ज होने में 3-4 घंटे लगते हैं और एक बार बैटरी फुल चार्ज होने के बाद 100 किमी तक की राइडिंग रेंज मिलती है।

## ट्रूकॉलर ने 2022 में एंड्रॉइड यूजर्स के लिए अपने उत्पादों की एक आकर्षक विस्तृत योजना का अनावरण किया

**भोपाल।** विश्वस्तर पर बात.चीत का एक प्रमुख प्लैटफॉर्मए ट्रूकॉलर एंड्रॉइड यूजर्स के लिए कई भविष्य में पेश किए जाने वाले उत्पादों की उन सुविधाओं की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। जिनको आने वाले हफ्तों में शुरू करने की उम्मीद की जा रही है। नई सुविधाओं में वीओआईपी कॉलिंग के लिए वॉयस कॉल लॉन्च एसएमएस इनबॉक्स के लिए पासकोड लॉक और भी बेहतर कॉल लॉग्स आसान और तत्काल कॉल का कारण वीडियो कॉलर आईडी के लिए फेस फिल्टर और एणआईण् स्मार्ट असिस्टेंट शामिल हैं। इन सभी सुविधाओं से यूजर्स को सुरक्षितए परेशानी.रहित और कुशल बात.चीत का अनुभव प्राप्त हो सकेगा।

## वूट क्राईम थ्रिलर सीरीज साईबर वार दर्शकों को प्रदान करने के लिए तैयार

**भोपाल।** भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में से एकए वूट अपनी विस्तृत कंटेंट श्रृंखला के साथ देश में दर्शकों के मनोरंजन का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है। अपने लगातार विस्तृत होते संग्रह में गुणवत्तायुक्त कंटेंट के दायरे का विस्तार करने के प्रयास मेंए वूट समकालीन क्राईम थ्रिलर सीरीज़ साईबर वार . हर स्क्रीन क्राईम सीन लॉन्च करने वाला है। सात एपिसोड की इस आगामी सीरीज़ में दर्शकों को सनसनीखेज अनुभव प्राप्त होगा। 10 जूनए 2022 को केवल वूट पर प्रसारित होने वाली इस सीरीज़ में दर्शकों को मुंबई में फैलते साईबरक्राईम का बढ़ता खतरा दिखाया जाएगा। साईबर वार . हर स्क्रीन क्राईम सीन के साथ लोकप्रिय टेलीविज़न अभिनेता, मोहित मलिक ओटीटी की दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017